भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1497

उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2026

सोमवार, 20 माघ, 1947 (शक)

मेरठ में सिंगल गेटेड ज्वैलरी पार्क

1497. श्री अरुण गोविल:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की आभूषणों की सुरक्षा और स्थानीय कारीगरों के रोजगार के लिए मेरठ में सिंगल गेटेड ज्वैलरी पार्क बनाने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख) वर्तमान में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा मेरठ में एक सिंगल गेटेड ज्वैलरी पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

भारत सरकार के कौशल भारत मिशन (सिम) के तहत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) विभिन्न योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) द्वारा शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के माध्यम से उत्तर प्रदेश सहित देश भर में समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनर्कौशल और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है। सिम का उद्देश्य भारत के युवाओं को उद्योग से संबंधित कौशलों से सुसज्जित करके भविष्य के लिए तैयार करना है।

इसके अलावा, एमएसडीई प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के कौशल प्रशिक्षण घटक को कार्यान्वित कर रहा है। फिलहाल, पीएमकेवीवाई और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 'रत्न और आभूषण' क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

*****